>

Tiotle: Need to set up green energy corridor in Rajasthan for transmission of solar energy and to include more number of villages of rajasthan under rural electrification programme.

श्री पी.पी.चौधरी (पाली) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे जनहित के महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका प्रदान किया। मैं पाली, राजस्थान से आता हूं और मैं समझता हूं कि पाली में अनुमानित पूरे राजस्थान में ही नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष में सबसे ज्यादा किसान मौजूद हैं और सिंचाई के लिए वे विद्युत और कूओं पर निर्भर करते हैं। वहां ज्यादातर अनुसूचित जाति, जनजाति व अन्य पिछड़े वर्ग के लोग ढाणियों में निवास करते हैं, जहां उन्हें विद्युत की कोई सुविधा नहीं मिलती है। लेकिन मैं मानता हूं कि वहां विद्युत की कमी का सबसे बड़ा कारण यह रहा है कि पिछले पांच सालों में, चाहे राज्य में हो, चाहे केन्द्र में हो, सरकारों की नीतियों ने विद्युत कंपनियों का घाटा 15 हजार रूपये से बढ़ाकर 77 हजार रूपये कर दिया।

दूसरी बात यह है कि कोल का गलत आबंटन होने तथा कोल नही मिलना भी एक कारण रहा है और इसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है। विद्युत नहीं मिलने से किसान, अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों का नुकसान हो रहा है। राजस्थान में सौर ऊर्जा और विंड इनर्जी की प्रचुर संभावना है, जिसका उपयोग किया जाना चाहिये।

माननीय अध्यक्ष : प्लीज, आप सुझाव दे दीजिए, इतना लम्बा भाषण नहीं देना है। आप सोलर इनर्जी का सुझाव दे दीजिए।

श्री पी.पी.चौधरी : महोदया, मेरा आपके माध्यम से माननीय ऊर्जा मंत्री जी से अनुरोध है कि सौर ऊर्जा के ट्रांसमिशन के लिए केन्द्र सरकार पावर ग्रिड कारपोरेशन के माध्यम से राजस्थान में ग्रीन इनर्जी कारीडोर की स्थापना करे और सौ की आबादी वाली ढाणियों को ग्रामीण विद्युतीकरण योजना में शामिल किया जाए तथा किसानों के वास्ते सिंचाई के लिए समुचित बिजली का उपाय किया जाए।